रजिस्टर्ड/सील्ड

उत्तर प्रदेश शासन

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2

संख्या-29/2019/517/22-2-2019-17(14)/2007

लखनऊ: दिनांक: 15 फरवरी, 2019

आदेश

उत्तर प्रदेश के श्री राज्यपाल, भारत के संविधान के अनुच्छेद-161 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय कारागार, नैनी, प्रयागराज में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी रामलाल **(बन्दी संख्या-11633/99)** पुत्र श्री रामख्याली, जो साल्हेपुर, थाना-चांदपुर, जनपद- फतेहपुर का रहने वाला है, जिन्हें सत्र परीक्षण संख्या-10/1979 में भा0द0वि0 की धारा-302/34, 304(2) के अन्तर्गत मा0 चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश, फतेहपुर के आदेश दिनांक 03.05.1980 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया, जिसे मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 25.01.1999 द्वारा यथावत रखा गया तथा बन्दी की वृद्धावस्था, 18 वर्ष 06 माह 15 दिन अपरिहार एवं 24 वर्ष 07 माह 02 दिन की सपरिहार सजा काटने तथा संतोषजनक जेल आचरण एवं राष्ट्रीय मनावाधिकार आयोग द्वारा आजीवन कारावास के बंदियों की समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में समस्त प्रदेशों हेतु दिये गये दिशा-निर्देशों के दृष्टिगत शेष सजा का परिहार करते है तथा यह आदेश देते है कि उक्त बंदी द्वारा अपनी शेष दण्डावधि में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये जिला मजिस्ट्रेट, फतेहपुर के संतोषानुसार दो जमानतें तथा उतनी ही धनराशि का एक जाती मुचलका प्रस्तुत करने पर बन्दी को कारागार से मुक्त कर दिया जाय।

अमर सेन सिंह
विशेष सचिव।

संख्या-29/2019/517(1)/22-2-2018 तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- अपर पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0।
2- जिला मजिस्ट्रेट, फतेहपुर।
3- पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर ।
4- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, नैनी, प्रयागराज।
5- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग, उ0 प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
6- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

करूणेश कुमार सिंह
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in